Prepp
Your Personal Exams Guide

M-2024/GS-II

अनुक्रमांक/Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड - 'अ' - 3 + खण्ड - 'ब' - 3

Total No. of Questions : Section – A – 3 + Section – B – 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

No. of Printed Pages : 12

M-2024/GS-II

सामान्य अध्ययन
GENERAL STUDIES

द्वितीय प्रश्न–पत्र

SECOND PAPER

समय : 03 घंटे] [पूर्णांक : 300 (खण्ड–'अ' 150 अंक + खण्ड–'ब' 150 अंक)

Time : 03 Hours] [Total Marks : 300 (Section – 'A' 150 Marks + Section – 'B' 150 Marks)

SECTION—A / खण्ड—अ

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अतिलघुत्तरीय उप–प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रत्येक प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है। **(2×15=30)**

Que. :1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) संविधान प्रारूप समिति के चार सदस्यों के नाम लिखिए।

Name the four members of the Constitution Drafting Committee.

प्रश्न : (1.2) भारतीय संविधान की उद्देशिका में उल्लेखित 'राजनीतिक न्याय' से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by 'Political Justice' mentioned in the Preamble of the Indian Constitution?

प्रश्न : (1.3) भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित दो नयी न्यायपीठ कौन-सी हैं?
Which are the two new benches formed by the Supreme Court of India?

प्रश्न : (1.4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 149 में क्या प्रावधान किया गया है?
What is the provision in Article 149 of the Indian Constitution?

प्रश्न : (1.5) भारतीय राजनीति में मतदान व्यवहार के चार निर्धारक तत्त्व क्या हैं?
What are the four determinants of voting behaviour in Indian politics?

प्रश्न : (1.6) 'सिविल सोसाइटी' (नागरिक समाज) से क्या तात्पर्य है?
What is meant by 'Civil Society'?

प्रश्न : (1.7) 'राजनीतिक सहभागिता' का क्या अर्थ है?
What is the meaning of 'Political Participation'?

प्रश्न : (1.8) सार्वजनिक वयस्क मताधिकार के चार गुण लिखिए।
Write four merits of universal adult franchise.

प्रश्न : (1.9) कौटिल्य के अनुसार दुर्ग के प्रकार क्या हैं?
What are the types of forts according to Kautilya?

प्रश्न : (1.10) 1 नवम्बर, 1956 को चार विधानसभाओं ने आपस में मिलकर मध्य प्रदेश का पुनर्गठन किया। इन चार विधानसभाओं के नाम लिखिए।
On 1st November, 1956, four legislative assemblies merged and reorganised Madhya Pradesh. Write the names of these four legislative assemblies.

प्रश्न : (1.11) राज्यपाल की स्वविवेकी शक्ति का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
Discretionary Power of the Governor is mentioned in which Article of the Constitution?

प्रश्न : (1.12) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति समिति किनसे मिलकर बनती है और इसकी अध्यक्षता कौन करता है?
Constitution committee for the Appointment of the Central Vigilance Commissioner and who heads the Committee?

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : (1.13) मुख्य सचिव का कार्यकाल कितना होता है?

What is the tenure of the Chief Secretary?

प्रश्न : (1.14) मध्य प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह पर प्रकाश डालिए।

Elucidate on Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTG) of Madhya Pradesh.

प्रश्न : (1.15) लाडली बहना योजना, के क्या उद्देश्य हैं?

What are the objectives of Ladli Behna Yojana?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है। **(7×10=70)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) पर्यावरण एवं महिलाओं से सम्बन्धित राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त लिखिए।

Write the Directive Principles of State Policy related to environment and women.

प्रश्न : (2.2) 'भारत में गठबंधन की राजनीति से संघवाद मजबूत हुआ है।' विवेचना कीजिए।

'Coalition Politics has made federalism strong in India.' Disucss.

प्रश्न : (2.3) 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के सकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the positive effects of 'One nation-One election'.

प्रश्न : (2.4) राष्ट्रीय एकता की समस्या के निराकरण हेतु 7 (सात) उपाय इंगित कीजिए।

Mention 7 (seven) solutions for resolving the problem of National Integration.

प्रश्न : (2.5) 'एकल हस्तांतरणीय मत प्रणाली' को समझाइये।

Explain the 'Single Transferable Vote System'.

प्रश्न : (2.6) जयप्रकाश नारायण के अनुसार जनतन्त्र समाज के मुद्दे लिखिए।

Write the issues of democratic society according to Jai Prakash Narayan.

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : (2.7) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया लिखिए।

Write the procedure of removal of High Court Judges.

प्रश्न : (2.8) संसदीय लोकतंत्र में जवाबदेही किस प्रकार होती है?

How is accountability there in Parliamentary Democracy?

प्रश्न : (2.9) अशोक मेहता समिति की 7 (सात) सिफारिशें लिखिए।

Write 7 (seven) recommendations of Ashok Mehta Committee.

प्रश्न : (2.10) मध्य प्रदेश की राजनीति में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व के कारण समझाइये।

Explain the causes of less representation of women in Madhya Pradesh Politics.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **05** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **10 (दस)** अंकों का है। **(10×5=50)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **10 (ten)** marks.

प्रश्न : (3.1) 'मूल अधिकार और राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त एक दूसरे के पूरक हैं।' स्पष्ट कीजिए।

'Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy are complementary to each other.' Explain.

अथवा/OR

केन्द्र-राज्य सम्बन्धों में वित्तीय क्षेत्रों में तनाव के विषयों की विवेचना कीजिए।

Discuss the areas of conflict in financial aspects of Centre-State relations.

प्रश्न : (3.2) विगत तीन दशकों में भारत में चुनाव प्रक्रिया में कौन-से संस्थागत सुधार किये गए हैं?

Which institutional reforms have been done in the electoral process in the last three decades?

अथवा/OR

Prepp
Your Personal Exams Guide

लोक सेवा आयोग के कार्यों को समझाइये तथा इसके सदस्यों द्वारा सदस्य न रहने पर पद धारण करने सम्बन्धी प्रतिषेध बताइये।

Explain the functions of Public Service Commission and state the prohibitions for its members on ceasing to be such members.

प्रश्न : (3.3) लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए आवश्यक शर्तों की विवेचना कीजिए।

Discuss the essential conditions for the successful working of Democracy.

अथवा/OR

'21वीं सदी में गांधी जी के बताए रास्ते पर चलकर ही हम सतत् विकास को पा सकते हैं।' विवेचना कीजिए।

'Sustainable development in the 21st century can only be achieved by the Gandhian path.' Discuss.

प्रश्न : (3.4) मुख्यमंत्री ही राज्य में सत्ता का शिखर होता है। स्पष्ट कीजिए।

Chief Minister is the apex authority in State. Explain.

अथवा/OR

राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्य समझाइये तथा इसकी सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

Explain the functions of National Commission for Women and state its limitations.

प्रश्न : (3.5) मध्य प्रदेश में जिलाधीश के कार्यों का वर्णन कीजिए। जिलाधीश की कार्यकुशलता बढ़ाने हेतु सुझाव दीजिए।

Describe the duties of the District Collector in Madhya Pradesh. Give suggestions to enhance the efficiency of the District Collector.

अथवा/OR

मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 के तहत, जनपद पंचायत के कार्यों का वर्णन कीजिए। पंचायती राज में आ रही समस्याओं को संक्षेप में बताइए ।

Describe the functions of Janpad Panchayat according to Madhya Pradesh Panchayat Raj Avam Gram Swaraj Adhiniyam,1993. Briefly state the problems confronting the Panchayat Raj.

SECTION—B / खण्ड—ब

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **02** (दो) अंकों का है। **(2×15=30)**

Que. :1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) जॉन स्टुअर्ट मिल ने सोशियोलॉजी के स्थान पर किस शब्द को प्रयुक्त करने का सुझाव दिया था? उस शब्द को प्रयुक्त करने का कारण क्या था?

Which word did John Stuart Mill suggest to use in place of Sociology? What was the reason to use that word?

प्रश्न : (1.2) यह किसका कथन है कि 'परिवार एक गार्हस्थ्य समूह है'? इसके अतिरिक्त उसने परिवार के लिए क्या कहा?

Whose statement is this that 'Family is a domestic group'? What else did he/she say about family?

प्रश्न : (1.3) संस्कृति को हर्सकोविट्स ने कैसे परिभाषित किया है?

How is culture defined by Herskovits?

प्रश्न : (1.4) सामान्यतः वर्ण कितने थे? जी० एस० घूरिये के अनुसार प्रारम्भ में दो वर्ण कौन-से थे?

Generally how many Varnas were there? According to G. S. Ghurye, what were the two Varnas in the beginning?

प्रश्न : (1.5) दुर्खीम द्वारा बताए गए आत्महत्या के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

Mention the types of suicide as mentioned by Durkheim.

प्रश्न : (1.6) 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1993 में कौन-सी नई अनुसूची जोड़ी गई और उसका क्या प्रभाव हुआ?

Which new Schedule was added in the 73rd Constitutional Amendment Act, 1993 and what effect did it have?

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : (1.7) संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार किसी शहरी क्षेत्र को मेगासिटी बनने के लिए कितनी जनसंख्या होनी चाहिए? भारत के तीन बड़े शहरों का उल्लेख कीजिए।

According to United Nations' definition, what should be the population of an area to become a Megacity? Mention three large cities of India.

प्रश्न : (1.8) औपचारिक शिक्षा का मुख्य आधार क्या है? इसके साधनों का उल्लेख कीजिए।

What is the main basis of informal education? Mention its means.

प्रश्न : (1.9) किसी देश के जनसंख्या घनत्व की गणना कैसे की जाती है?

How is the density of the population of a country calculated?

प्रश्न : (1.10) उत्प्रवास किसे कहते हैं?

What is Emigration?

प्रश्न : (1.11) राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 किस समिति की रिपोर्ट पर आधारित है? स्कूल शिक्षा में क्या संरचनात्मक परिवर्तन किया गया है?

National Education Policy-2020 is based on the report of which committee? What structural change has been done in school education?

प्रश्न : (1.12) जनजातियों में बहुविवाह के कौन–से तीन प्रकार हैं?

What are the three types of polygamy among tribes?

प्रश्न : (1.13) पंचायती राज व्यवस्था में जिला पंचायत को किस धारा के तहत विघटित/भंग किया जा सकता है? जिला पंचायत एवं इसके सदस्यों के कार्यकाल का उल्लेख कीजिए।

Under which Section, the District Panchayat can be dissolved in Panchayati Raj System? Mention the tenure of District Panchayat and its members.

प्रश्न : (1.14) कोरकू जनजाति में मण्डा या मण्डो प्रथा क्या है?

What is the Manda or Mando custom in Korku tribe?

प्रश्न : (1.15) विस्तार शिक्षा से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by extension education?

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है। **(7×10=70)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) नातेदारी की तृतीयक सम्बन्धी श्रेणी को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
Explain tertiary category of kinship with example.

प्रश्न : (2.2) पुंसवन संस्कार की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
Explain briefly the Punsavan Sanskar.

प्रश्न : (2.3) भारत में क्षेत्रीय/भौगोलिक भिन्नताओं को स्पष्ट कीजिए।
Explain the regional/geographical diversities in India.

प्रश्न : (2.4) साइबर अपराध से क्या तात्पर्य है?
What is meant by cyber crime?

प्रश्न : (2.5) 'पारिवारिक तनाव, घरेलू हिंसा का एक कारण है।' विवेचना कीजिए।
'Family tension is a cause of domestic violence.' Discuss.

प्रश्न : (2.6) पश्चिमीकरण ने कैसे भारत में लौकिकीकरण को बढ़ावा दिया?
How did westernization promote secularization in India?

प्रश्न : (2.7) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य क्या हैं?
What are the objectives of Prime Minister Kisan Samman Nidhi Yojana?

प्रश्न : (2.8) ग्रामीण गुट की विवेचना कीजिए और कुछ विद्वानों का उल्लेख कीजिए जिन्होंने इस पर कार्य किया है।
Discuss Rural Faction and mention the names of a few scholars who worked on this.

प्रश्न : (2.9) प्रजननता और प्रजनन क्षमता में विभेद कीजिए।
Differentiate between fertility and fecundity.

प्रश्न : (2.10) मध्य प्रदेश की गोंड जनजाति में धर्म और विश्वास को संक्षेप में विश्लेषित कीजिए।
Describe briefly the religion and beliefs among the Gond tribes of Madhya Pradesh.

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **05** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं। **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **प्रत्येक** प्रश्न **10** (दस) अंकों का है। **(10×5=50)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **10 (ten)** marks.

प्रश्न : (3.1) सामाजीकरण के एक प्रमुख अभिकरण के रूप में परिवार की विवेचना कीजिए।
Discuss family as a major agency of socialization.

अथवा/OR

सांस्कृतिक तत्व विभाजित हो सकता है किन्तु विभाजन के बाद वह अर्थपूर्ण नहीं रहता। उदाहरण सहित समझाइए।
Cultural trait can be divided but after division it becomes insignificant. Explain with example.

प्रश्न : (3.2) "सामाजिक-सांस्कृतिक विविधताओं के होते हुए भी भारतीय सामाजिक संरचना में एकता है।" विवेचना कीजिए।
"Despite socio-cultural diversities, there is a unity in Indian social structure." Explain.

अथवा/OR

वंश की अवधारणा को समझाइये। वंश की तुलना बाँस से क्यों की जाती है? विवेचना कीजिए।
Explain the concept of Vansh (lineage). Why is Vansh (lineage) compared with bamboo? Discuss.

प्रश्न : (3.3) ग्रामीण तथा नगरीय समाज में विभेद कीजिए।
Differentiate between rural and urban society.

अथवा/OR

परम्परा और आधुनिकता भिन्न होने के बावजूद तुलनात्मक दशाएँ हैं। स्पष्ट कीजिए।
Despite being different, tradition and modernity are comparable situations. Explain.

प्रश्न : (3.4) हमारे सामाजिक जीवन में कैसे नगरीकरण ने विविध सामाजिक समस्याओं को पैदा किया है? स्पष्ट कीजिए।
How has urbanization created several problems in our social life? Discuss.

Prepp
Your Personal Exams Guide

अथवा/OR

भारत में कृषक असन्तोष के मुख्य कारकों की विवेचना कीजिए।
Discuss the main causes of Agrarian unrest in India.

प्रश्न : (3.5) मध्य प्रदेश की लोक कला और शिल्प की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the main features of folk art and craft of Madhya Pradesh.

अथवा/OR

प्रत्येक को **100** शब्दों में समझाइए।
Explain each in **100** words.

(i) चाइल्ड लाइन सेवाएँ
Child line services

(ii) धनलक्ष्मी योजना
Dhanlaxmi Scheme

★★★

Prepp
Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exam Guide